वाट्सऐप @ 94140-78380, 92140-78380 | वर्ष :4 अंक : 63 | गुरुवार 27 जून 2024 | दैनिक ई-पेपर

# शाबाश इंडिया

@ShabaasIndia | प्लॉट नंबर 8, ओझा जी का बाग, गांधी नगर मोड, टोंक रोड, जयपुर

# मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने केन्द्रीय मंत्रियों से शिष्टाचार भेंट की

## प्रदेश में बेहतर रेल कनेक्टिविटी, रेलवे परियोजनाओं के विकास एवं पर्यावरण संरक्षण को लेकर की विस्तृत चर्चा







**जयपुर. शाबाश इंडिया**

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने बुधवार को नई दिल्ली में केन्द्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से मुलाकात की। इस अवसर पर प्रदेश में रेलवे की विभिन्न परियोजनाओं, सम्पर्क सुविधाओं व रेल कनेक्टिविटी को बेहतर बनाने पर विस्तृत चर्चा हुई। इस दौरान मुख्यमंत्री ने प्रदेश में रेलवे स्टेशनों के विस्तार, आरओबी-आरयूबी निर्माण, रेल लाइनों के दोहरीकरण एवं रेलवे के आधारभूत ढांचों के विकास कार्यों की सौगात पर आभार व्यक्त किया। साथ ही, इन परियोजनाओं के विकास कार्यों में तेजी लाने का आग्रह भी किया। **मुख्यमंत्री ने केन्द्रीय मंत्री यादव से की मुलाकातः** मुख्यमंत्री शर्मा ने नई दिल्ली में केन्द्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव से भेंट कर पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन के राज्य से संबंधित विषयों पर विस्तारपूर्वक बातचीत की। मुख्यमंत्री ने प्रदेश में पर्यावरण संरक्षण एवं संवर्धन की दिशा में राज्य सरकार द्वारा किये जा रहे कार्यों की जानकारी दी एवं इस कार्य में केन्द्र सरकार की ओर से मिल रही हर संभव मदद के लिए यादव का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी भी उपस्थित रहे।

### दूसरी बार लोकसभा अध्यक्ष चुने जाने पर राजस्थान में हर्ष

# मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने बिरला को दी बधाई

**जयपुर. शाबाश इंडिया**



मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने बुधवार को नई दिल्ली में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से मुलाकात की। शर्मा ने पुनः दूसरी बार लोकसभा अध्यक्ष चुने जाने पर बिरला को हार्दिक बधाई दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि बिरला के विस्तृत संसदीय ज्ञान एवं कुशल कार्यप्रणाली का लाभ सदन के समस्त सम्मानित सदस्यों को पूर्व की भांति प्राप्त होगा। बिरला का दूसरी बार लोकसभा अध्यक्ष चुना जाना राजस्थान के लिए गौरव का क्षण है। उनका यह कार्यकाल भी उल्लेखनीय उपलब्धियों से परिपूर्ण होगा।

## आपातकाल के विरूद्ध लोकसभा में प्रस्ताव स्वागत योग्य

शर्मा ने नई दिल्ली में मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि 25 जून, 1975 को देश में लगाए गए आपातकाल के विरूद्ध बुधवार को लोकसभा में आया प्रस्ताव स्वागत योग्य है। उन्होंने कहा कि तत्कालीन सरकार द्वारा देश के नागरिकों के अधिकार छीन लिए गए थे। लोकसभा में इस प्रस्ताव के जरिए दमन और शोषण के खिलाफ आवाज उठाने वाले सत्याग्रहियों के संघर्ष को सम्मान मिला है।

# व्यक्ति अकेला ही आया है और अकेला ही जाएगा सुख-दुख स्वयं को ही भोगना है: मुनि श्री108 समत्व सागर जी महाराज

**जयपुर. शाबाश इंडिया**

श्री दिगम्बर जैन मंदिर चन्द्रप्रभ जी दुगार्पुरा जयपुर में बुधवार दिनांक 26.06.2024 को मुनिश्री के मंगल प्रवचन का शुभारंभ श्रावक श्रेष्ठी अजीत शशि तोतूका के साथ प्रकाश चन्द गंगवाल, प्रकाश चन्द बाकलीवाल, शिखर चंद कासलीवाल, प्रकाश चन्द चांदवाड, विमल कुमार गंगवाल ने भगवान चन्द्रप्रभ जी के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित करके किया। मंगलाचरण टीकमगढ़ की बहनों ने किया एवं मुनि श्री108 शील सागर जी को जिनवाणी भेंट की। अजीत शशि तोतूका ने राजेश पाटनी, भागचन्द पाटनी, अमित पाटनी के साथ मुनिराज श्री108 समत्व सागर जी का पाद प्रक्षालन कर एवं जिनवाणी भेंट कर पुण्य अर्जित किया। प्रवचन में श्री 108 शील सागर जी मुनिराज ने श्रावक के आवश्यक के बारे में बताया कि श्रावक को अपने कर्तव्यों का पालन करना चाहिए। मुनिराज श्री108 समत्व सागर जी ने बारह भावनाओं की एकत्व भावना पर प्रवचन में कहा की व्यक्ति अकेला ही आया है और अकेला ही जाएगा सुख-दुख स्वयं को ही भोगना है, सभी को विवेक से काम करना चाहिए, विवेक से खाना, विवेक से बोलना सभी कार्य विवेक के साथ करेंगे तो सच्चे श्रावक कहलायेंगे पाप करेंगे तो अधोगति ही मिलेगी अतः पाप से हर समय बचने के लिए विवेक काम में लें। श्री दिगम्बर जैन मंदिर चन्द्रप्रभ जी ट्रस्ट दुगार्पुरा के अध्यक्ष प्रकाश चन्द चांदवाड़ एवं मंत्री राजेन्द्र काला ने बताया कि पुण्यार्जक परिवारजन एवं अतिथियों का सम्मान ट्रस्ट के उपाध्यक्ष सुनील संगही, नरेश



बाकलीवाल तथा सम्मानित सदस्य जयकुमार जैन ने किया। कीर्ती नगर, चोमू बाग सांगानेर, गायत्री नगर, बापूनगर से उपस्थित समाज ने मुनि श्री को श्रीफल भेंट कर आशीर्वाद प्राप्त किया। प्रतिदिन मुनिसंघ के प्रवचन प्रातः 8.15 बजे, स्वाध्याय दिन में 3.30 बजे, गुरू भक्ति शंका समाधान सायंकाल 6.30 बजे का सभी लाभ प्राप्त कर रहे है।

# लायन क्लब जयपुर मैट्रो द्वारा निशुल्क मधुमेह एवम ब्लड प्रेशर जांच शिविर का आयोजन




**जयपुर. शाबाश इंडिया** लायन क्लब जयपुर मैट्रो के तत्वावधान में आज श्री दिगंबर जैन मंदिर दुगार्पुरा पर निशुल्क मधुमेह एवम ब्लड प्रेशर जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में डॉ महेश माहेश्वरी, डॉ मनोज जैन द्वारा 85 महिलाओं व पुरुषों की जांच की गई, आवश्यक परामर्श दिया गया। इस अवसर पर क्लब के सचिव विमल गोलेच्छा, कोषाध्यक्ष अनिल जैन,सदस्य एन के जैन पूर्व चीफ जस्टिस, अनिल जैन पूर्व आई जी पुलिस, सुरेन्द्र पांड्या, सुभाष बुरड़, गोविन्द शर्मा, अशोक जैन,नरेंद्र सेठी,प्रकाश जैन,रमेश सेठी आदि लायन साथी भी उपस्थित थे।

खण्डेलवाल धर्मार्थ सर्जिकल उपकरण सेवा केंद्र
(श्री खण्डेलवाल वैश्य जन सेवा ट्रस्ट द्वारा संचालित)
यहां जरूरतमंद को घर पर स्वास्थ्य सुधार हेतु सर्जिकल पलंग, व्हीलचेयर, वॉकर, पॉट चेयर, ड्रिप स्टैंड,ऑक्सीजन कंसंट्रेटर,आदि नि:शुल्क उपलब्ध कराए जाते हैं।



संपर्क सूत्र-
सुभाष गुप्ता 9828105458
दिनेश गुप्ता 9414312939
रमेश खण्डेलवाल 9414063453
185, हीरा नगर , DCM, अजमेर रोड , जयपुर

# व्यक्ति अकेला ही आया है और अकेला ही जाएगा सुख-दुख स्वयं को ही भोगना है: मुनि श्री108 समत्व सागर जी महाराज



**जयपुर. शाबाश इंडिया।** श्री दिगम्बर जैन मंदिर चन्द्रप्रभ जी दुर्गापुरा जयपुर में बुधवार दिनांक 26.06.2024 को मुनिश्री के मंगल प्रवचन का शुभारंभ श्रावक श्रेष्ठी अजीत शशि तोतूका के साथ प्रकाश चन्द गंगवाल, प्रकाश चन्द बाकलीवाल, शिखर चंद कासलीवाल, प्रकाश चन्द चांदवाड, विमल कुमार गंगवाल ने भगवान चन्द्रप्रभ जी के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित करके किया। मंगलाचरण टीकमगढ़ की बहनों ने किया एवं मुनि श्री108 शील सागर जी को जिनवाणी भेंट की। अजीत शशि तोतूका ने राजेश पाटनी, भागचन्द पाटनी, अमित पाटनी के साथ मुनिराज श्री108 समत्व सागर जी का पाद प्रक्षालन कर एवं जिनवाणी भेंट कर पुण्य अर्जित किया। प्रवचन में श्री 108 शील सागर जी मुनिराज ने श्रावक के आवश्यक के बारे में बताया कि श्रावक को अपने कर्तव्यों का पालन करना चाहिए। मुनिराज श्री108 समत्व सागर जी ने बारह भावनाओं की एकत्व भावना पर प्रवचन में कहा की व्यक्ति अकेला ही आया है और अकेला ही जाएगा सुख-दुख स्वयं को ही भोगना है, सभी को विवेक से काम करना चाहिए, विवेक से खाना, विवेक से बोलना सभी कार्य विवेक के साथ करेंगे तो सच्चे श्रावक कहलायेंगे पाप करेंगे तो अधोगति ही मिलेगी अतः पाप से हर समय बचने के लिए विवेक काम में लें। श्री दिगम्बर जैन मंदिर चन्द्रप्रभ जी ट्रस्ट दुर्गापुरा के अध्यक्ष प्रकाश चन्द चांदवाड़ एवं मंत्री राजेन्द्र काला ने बताया कि पुण्यार्जक परिवारजन एवं अतिथियों का सम्मान ट्रस्ट के उपाध्यक्ष सुनील संगही, नरेश बाकलीवाल तथा सम्मानित सदस्य जयकुमार जैन ने किया। कीर्ती नगर, चोमू बाग सांगानेर, गायत्री नगर, बापूनगर से उपस्थित समाज ने मुनि श्री को श्रीफल भेंट कर आशीर्वाद प्राप्त किया। प्रतिदिन मुनिसंघ के प्रवचन प्रातः 8.15 बजे, स्वाध्याय दिन में 3.30 बजे, गुरू भक्ति शंका समाधान सायंकाल 6.30 बजे का सभी लाभ प्राप्त कर रहे है।

# योग के अनुभव शेयर किए विद्यासागर तपोवन छतरी योजना में



**अजमेर. शाबाश इंडिया।** योग के अनुभव शेयर किए गए विद्यासागर तपोवन छतरि योजना में संचालित स्किल डेवलपमेंट प्रोग्राम के तहत तीसरे दिन महिलाओं ने योग के प्रति विशेष रुचि दिखाते हुए इसके चिकित्सीय गुण के बारे में जानकारी ली। प्रशिक्षक साधना धन रसिया ने विभिन्न प्रकार के रोगों को योग के माध्यम से किस प्रकार से ठीक किया जा सकता है बताया। स्किल डेवलपमेंट प्रोग्राम के तहत बढ़ती हुई रूचि को देखते हुए लगता है कि सीखने की चाह बच्चों में ही नहीं बड़ों में भी बढ़ती जा रही है बढ़ती हुई संख्या को देखते हुए व्यवस्थाएं भी बढ़ाई गई है यह बात दिगम्बर जैन महा समिति की अध्यक्ष रूप श्री जैन ने बताई। साथ ही अनुभा बाकलीवाल सुनीता गंगवाल रिंकू जैन,शैलजा ने फोटोग्राफी के टिप्स दीपक शर्मा जी से लिए मंडाना व रंगोली प्रशिक्षक संजय सेठी ने आज बच्चों को परिंदे पर पेंटिंग करना सिखाई। महिलाओं को जल्दी तैयार होने के लिए ब्यूटीशियन अंजलि ने कुछ खास टिप्स दिए श्वेता कटारिया की डांस क्लासेस में आज सब बच्चों वह महिलाओं ने मस्ती के साथ प्रशिक्षण लिया, पिंकी ने मेंहदी की नई नई डिजाइन बताई,कार्यक्रम में अजय दोषी विनय गदिया राजेंद्र पाटनी अनिल गंगवाल का विशेष सहयोग रहा शिविर की प्रतिदिन की मॉनिटरिंग राष्ट्रीय उपाध्यक्ष प्रकाश जैन पाटनी कर रहे हैं।


गौ माता सेवार्थ ग्रुप,
दुर्गापुरा गौशाला, जयपुर द्वारा

रक्तदान जीवन दान

रक्तदान शिविर

GIVE BLOOD GIVE LIFE

रविवार 30 जून 2024
प्रातः 8 से 2 बजे तक

स्थान : दुर्गापुरा गौशाला,
टोंक रोड, जयपुर

क्यों न खुद की एक पहचान बनाये। चलो रक्तदान करे और करवाये।।

सम्पर्क सूत्र
अशोक जैन 9314186966
गोपी अग्रवाल, भीमराज कांकरवाल

संयोजक
कमल अग्रवाल, सतीश गोयल, हनुमान सोनी, राकेश गोदिका, दिनेश अग्रवाल, नीरज बंसल,
कैलाश खंडेलवाल, कुशल अग्रवाल, मनोज सर्राफ, पुष्पेन्द्र अग्रवाल, राजकुमार रोहिल्ला,
राकेश गट्टानी, लक्ष्मीकांत जी, शैलेन्द्र शर्मा, शैलेन्द्र अग्रवाल, राहुल जैन

निवेदक : राकेश-समता गोदिका, अध्यक्षः सोशल एंड ब्लड एड सोसायटी

## वेद ज्ञान

### संयम है समाधान

मेरा दृढ़ विश्वास है कि आज जो बड़े कहलाने वाले लोग हैं, उनकी जीवन-शैली संयम प्रधान हो जाए तो हिंदुस्तान का कायाकल्प हो सकता है। हर व्यक्ति समस्याग्रस्त है। कुछ समस्याएं बाहर की हैं और कुछ भीतर की। समाधान सभी चाहते हैं। एक मनीषी ने लिखा है यह शरीर नौका है। यह डूबने भी लगता है और तैरने भी लगता है, क्योंकि हमारे कर्म सभी तरह के होने से यह स्थिति बनती है। इसीलिए बार-बार अच्छे कर्म करने की प्रेरणा दी जाती है। हमें यह समझ लेना चाहिए कि जिस प्रकार एक डाल पर बैठा व्यक्ति उसी डाल को काटता है तो उसका नीचे गिर जाना अवश्यंभावी है, उसी प्रकार गलत काम करने वाला व्यक्ति अंततोगत्वा गलत फल पाता है। मेरा दृढ़ विश्वास है कि आज जो बड़े कहलाने वाले लोग हैं, उनकी जीवन-शैली संयम प्रधान हो जाए तो हिंदुस्तान का कायाकल्प हो सकता है। इस संदर्भ में जब भी सोचता हूं महामात्य चाणक्य का चरित्र अनायास ही याद आ जाता है। गुप्त साम्राज्य के संस्थापक महामात्य चाणक्य बुद्धिमान, न्यायी और कूटनीतिज्ञ थे। अकेले अपने दम पर उन्होंने अन्यायी सत्ता को उखाड़ फेंका और चंद्रगुप्त को राज्य सिंहासन पर बैठाकर ऐसी सत्ता कायम की, जो आज भी स्वर्णयुग के रूप में याद की जाती है। इतने विशाल राज्य का प्रधानमंत्री होकर भी चाणक्य झोंपड़ी में रहते थे। संपत्ति के नाम पर झोंपड़ी में कुछ उपले, कुछ साधारण पात्र, साधारण बिछौना, अध्ययन के लिए कुछ ग्रंथ ही थे। एक दीया निजी कार्यों को लिए था, दूसरा राज्यकार्य में काम आने वाला। अपना कार्य करते समय चाणक्य राज्य द्वारा प्रदत्त दीपक को बुझा देते और अपना व्यक्तिगत दिया जला लेता। नैतिकता और प्रामाणिकता का यह जीवंत उदाहरण भारतीय संस्कृति में अन्यत्र तलाशने पर भी नहीं मिल सकता। आज के मंत्रियों और राज्यकर्मियों के लिए तो यह स्वप्नवत है। व्यक्तिगत जीवन की यह उत्कृष्ट शुचिता इस दुनिया में अपना उदाहरण छोड़कर शायद चाणक्य के साथ ही चली गई। सामाजिक परिवर्तन का एक अच्छा रास्ता यह है कि बड़े कहे जाने वाले लोग अपनी जीवनशैली को संयम प्रधान बनाएं। बड़े लोगों में बड़े व्यापारी उद्योगपति, सांसद, विधायक मंत्री और सामाजिक नेता-ये सभी आ जाते हैं। अगर इन लोगों के जीवन में संयम आ जाए तो नीचे तबके के लोग स्वयं प्रेरित होंगे।

## संपादकीय

# पहले सत्र में ही सियासी रस्साकशी चरम पर

अठारहवीं लोकसभा के पहले सत्र की शुरूआत और नए सांसदों के शपथ ग्रहण के बाद सबसे महत्त्वपूर्ण काम लोकसभा अध्यक्ष पद पर नियुक्ति होगी। हालांकि इस बार इस पर जिस तरह की खींचतान चल रही है, वह अप्रत्याशित है, फिर भी नई लोकसभा में सत्ता पक्ष और विपक्ष के संख्या बल से बने समीकरण को देखते हुए इसे स्वाभाविक कहा जा सकता है। फिलहाल राष्ट्रपति ने भाजपा सांसद भर्तृहरि महताब को प्रोटेम अध्यक्ष नियुक्त किया है। इस क्रम में सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच लोकसभा अध्यक्ष पद के लिए सहमति नहीं बन पाने की वजह से इस बार अब इसके लिए चुनाव कराने की नौबत आ गई है। अब स्थिति यह है कि पिछली लोकसभा में निचले सदन के अध्यक्ष रहे भाजपा सांसद ओम बिरला ने राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के उम्मीदवार के तौर पर नामांकन दाखिल किया है। कांग्रेस सांसद के सुरेश विपक्ष के उम्मीदवार होंगे। दरअसल, लोकसभा अध्यक्ष पद के लिए चुनाव की नौबत आने के पीछे मुख्य बात यह सामने आई है कि विपक्ष की ओर से लोकसभा उपाध्यक्ष पद दिए जाने की मांग उठाई गई, लेकिन सरकार ने इसे लेकर कोई आश्वासन नहीं दिया। नतीजतन, लोकसभा अध्यक्ष पद पर नियुक्ति अब चुनाव के जरिए ही होगा। इस मसले पर विपक्ष का कहना था कि लोकसभा उपाध्यक्ष का पद विपक्ष को दिए जाने की परंपरा रही है और अगर सरकार इस परंपरा का पालन करती है तो पूरा विपक्ष सदन के अध्यक्ष के रूप में सरकार के उम्मीदवार का समर्थन करेगा। निचले सदन में लोकसभा अध्यक्ष का पद कई लिहाज से बेहद अहम होता है। उन्हें संतुलित और तटस्थ रुख रखते हुए सभी जनप्रतिनिधियों के प्रति न्यायपूर्ण दिखना होता है, क्योंकि अध्यक्ष किसी सत्ताधारी दल या विपक्ष का नहीं होता, पूरे सदन का होता है। इसी तरह उपाध्यक्ष को भी सभी दलों के सदस्यों के प्रति समान भाव रखना होता है। ऐसे में अगर अध्यक्ष का चुनाव सभी दलों की सहमति से होता तो यह एक आदर्श स्थिति होती। मगर हालत यह है कि इस मामले में खुद सत्ताधारी गठबंधन के प्रमुख घटक तेलगु देसम पार्टी और जनता दल (एकी) के रुख ने भाजपा को चिंतित किया था। सवाल है कि आखिर किन वजहों से सरकार और विपक्ष के बीच इस मामले में एक परिपक्व सहमति नहीं बन पाई। अगर विपक्ष लोकसभा में उपाध्यक्ष पद मिलने पर अध्यक्ष के लिए समर्थन देने को तैयार था, तब सरकार इस पर सहमत क्यों नहीं हुई? सच यह है कि लोकसभा अध्यक्ष का पद बेहद महत्त्वपूर्ण होता है और कई बार बहुत नाजुक स्थितियों में उनका फैसला निर्णायक होता है। सदन में बहुमत साबित करने, दल-बदल कानून लागू करने और सदन के सदस्यों की योग्यता और अयोग्यता का फैसला लेने के मसले पर लोकसभा अध्यक्ष के रुख पर बहुत कुछ निर्भर करता है। यह छिपा नहीं है कि पिछली लोकसभा के दौरान अध्यक्ष के रवैये को लेकर विपक्षी दलों के बीच खासा असंतोष देखा गया। **-राकेश जैन गोदिका**



## परिदृश्य

# श्रम कानून में सुधार

देश में श्रम संबंधों का संचालन करने वाले 40 केंद्रीय और 100 राज्यस्तरीय कानून मौजूद हैं जो औद्योगिक विवादों के निस्तारण, कार्य परिस्थितियों, सामाजिक सुरक्षा और वेतन भत्तों जैसे विभिन्न मामलों से संबंधित हैं। बीते वर्षों के दौरान देश में श्रम कानूनों की बहुलता, पुरातन प्रावधानों, परिभाषाओं की अनिश्चितता और अस्पष्टता के कारण इनका अनुपालन कठिन हो गया। दरों की बहुलता के अलावा श्रम कानूनों की जटिलता भी देश की औद्योगिक वृद्धि को प्रभावित कर रही थी। इस मसले को हल करने के लिए सरकार ने साहसी कदम उठाते हुए श्रम कानूनों को सरलीकृत करते हुए चार व्यापक श्रम संहिताओं में शामिल करने का प्रावधान किया। मौजूदा 44 केंद्रीय कानूनों और 29 केंद्रीय श्रम कानूनों को समेकित करके चार श्रम संहिताओं में शामिल किया गया- वेतन संहिता (2019), सामाजिक सुरक्षा संहिता (2020), औद्योगिक संबंध संहिता (2020) और व्यावसायिक, सुरक्षा, स्वास्थ्य एवं कार्य परिस्थिति संहिता (2020)। इन श्रम संहिताओं को संसद के दोनों सदनों की मंजूरी मिली और राष्ट्रपति ने भी उन्हें स्वीकृति प्रदान की। चारों श्रम संहिताओं पर मसौदा केंद्रीय नियम केंद्र सरकार द्वारा पूर्व प्रकाशित किए गए। चार वर्ष बाद उनके अनुमानित लाभ अभी भी हासिल होने बाकी हैं क्योंकि इनका क्रियान्वयन नहीं हो पाया। इस संदर्भ में श्रम एवं रोजगार मंत्रालय ने राज्य सरकारों के अधिकारियों के लिए प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित करने की योजना की घोषणा की है ताकि उन्हें श्रम संहिताओं से परिचित कराया जा सके। इस पहल का स्वागत किया जाना चाहिए क्योंकि इन संहिताओं में कारोबारी सुगमता बढ़ाने और औपचारिक रोजगार निर्माण करने की पूरी संभावना है। ये संहिताएं कई अहम बदलाव लाएंगी जिसमें मौजूदा 100 के बजाय 300 कर्मचारियों वाले औद्योगिक प्रतिष्ठानों में कर्मचारियों की छंटनी की सीमा बढ़ाने जैसी बातें शामिल हैं। नियोक्ताओं के लिए इस प्रकार लचीलापन बढ़ाने से और अधिक निवेश आएगा क्योंकि तब कंपनियां अपनी श्रम शक्ति को कारोबार की जरूरत के हिसाब से घटा-बढ़ा सकेंगी और उन्हें किसी नियामकीय बाधा का सामना नहीं करना होगा। कामगारों के हड़ताल करने के अधिकार को लेकर भी बदलाव किए गए हैं। इसके अलावा सामाजिक सुरक्षा के लाभ को बढ़ाकर श्रमिकों के एक बड़े हिस्से तक कर दिया गया है। इसके कारण परिचालन लागत में इजाफा हो सकता है लेकिन इससे श्रम शक्ति अधिक सुरक्षित और प्रेरित महसूस करेगी। इससे उत्पादक में भी इजाफा देखने को मिलेगा। श्रम समवर्ती सूची का विषय है जिस पर संसद और विधानसभाएं दोनों कानून बना सकती हैं। क्रियान्वयन में अवश्य देरी होती रही है क्योंकि कुछ राज्यों को अभी भी इन संहिताओं के अधीन नियम तय करने हैं। वीवी गिरि राष्ट्रीय श्रम संस्थान के मुताबिक 24 राज्यों/केंद्रशासित प्रदेशों ने इन चारों संहिताओं के अधीन नियम बना लिए हैं। पश्चिम बंगाल, मेघालय, नगालैंड, लक्षद्वीप और दादरा एवं नागर हवेली को अभी नियम बनाने हैं। स्पष्ट है कि केंद्र सरकार संहिताओं को तभी लागू करना चाहती है जब सभी राज्य एकमत हों। ऐसा इसलिए कि क्रियान्वयन के बाद कानूनी दिक्कतों से बचा जा सके।

# रिलायंस फाउंडेशन ने पेरिस ओलंपिक में बनाया देश का पहला 'इंडिया हाउस'

## पेरिस में ''इंडिया हाउस'' भारतीय एथलीटों के लिए घर से दूर घर जैसा होगा। ओलंपिक खेलों में बनाए जाने वाले कंट्री हाउस में देश अपनी सॉफ्ट पॉवर का प्रदर्शन करते हैं। कला, खेल से लेकर योग, हस्तशिल्प, संगीत और भारतीय नृत्य समूहों के प्रदर्शन, पारंपरिक व्यंजनों तक बहुत कुछ होगा शामिल

**नई दिल्ली**

रिलायंस फाउंडेशन ने भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) के साथ मिलकर पेरिस ओलंपिक खेलों में देश का पहला 'इंडिया हाउस' स्थापित किया है। इंडिया हाउस, पेरिस के प्रतिष्ठित पार्क डे ला विलेट में बनाया गया है। पार्क में इंडिया हाउस के अलावा नीदरलैंड, कनाडा, ब्राजील और मेजबान फ्रांस समेत 14 देशों के कंट्री हाउस भी होंगे। आईओसी सदस्या और रिलायंस फाउंडेशन की फाउंडर व चेयरपर्सन नीता एम.अंबानी ने इंडिया हाउस पर कहा, ''पेरिस ओलंपिक खेलों में पहली बार इंडिया हाउस की घोषणा करते हुए मैं बेहद खुश और उत्साहित हूं। यह एक ऐसा स्थान होगा जहां हम अपने एथलीटों का सम्मान करेंगे, अपनी जीत का जश्न मनाएंगे, अपनी कहानियाँ साझा करेंगे और दुनिया भर को भारतीयता के रंग में रंग देंगे।'' भारतीय ओलंपिक संघ की प्रेजिडेंट पीटी उषा ने कहा, ''रिलायंस फाउंडेशन के साथ साझेदारी में इंडिया हाउस का उद्घाटन, पेरिस ओलंपिक में भारतीय प्रशंसकों और एथलीटों के लिए मुख्य आकर्षणों में से एक होगा। मैं इस पहल और भारत के ओलंपिक आंदोलन को आगे बढ़ाने के लिए आईओसी सदस्या श्रीमती नीता अंबानी को धन्यवाद देना चाहूंगी।'' इंडिया हाउस में खेल प्रशंसकों के लिए विशेष वॉच पार्टियां आयोजित की जाएंगी। वॉच पार्टियों के लिए विशेष मीडिया अधिकार धारक वायकॉम 18 फीड मुहैया कराएगा। साथ ही, इसमें संस्कृति से लेकर कला और खेल से लेकर योग, हस्तशिल्प, संगीत और भारतीय नृत्य समूहों के प्रदर्शन, पारंपरिक व्यंजनों तक बहुत कुछ शामिल होगा।





## श्री सुनील-श्रीमती आरती पहाड़िया

**संस्थापक अध्यक्ष: जैन सोश्यल ग्रुप राजधानी**

को वैवाहिक वर्षगांठ की हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं

27 जून 2024



Happy Anniversary

9414049220

**शुभेच्छु:**

प्रकाश-लीला अजमेरा, अध्यक्ष
राकेश-समता गोदिका, सलाहकार
सुरेश-शांति भोंच, सलाहकार
पवन-रीता पाटनी, सचिव
दिलीप-नमिता टकसाली, उपाध्यक्ष
राजेंद्र-जयश्री पाटनी संयुक्त सचिव
अशोक-सुमन बिलाला, कोषाध्यक्ष

एवं सदस्य जैन सोश्यल ग्रुप राजधानी परिवार



## श्री अजय-श्रीमती कल्पना जी जैन

**सदस्य दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप सन्मति**

Happy Anniversary



27 जून' 24

की वैवाहिक वर्षगांठ पर
हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं

**शुभेच्छु**

अध्यक्ष: मनीष - शोभना लोंग्या
संस्थापक अध्यक्ष: राकेश - समता गोदिका
सचिव: राजेश - रानी पाटनी
कोषाध्यक्ष: दिलीप - प्रमिला जैन
सांस्कृतिक सचिव: कमल-मंजू ठोलिया

एवं समस्त सदस्य दिग. जैन सोशल ग्रुप सन्मति, जयपुर

# आगरा में मनाया समाधिस्थ क्रांतिकारी मुनिश्री का 57वां जन्म जयंती महोत्सव




आगरा. शाबाश इंडिया

26 जून को क्षुल्लकश्री पर्व सागर जी महाराज की प्रेरणा एवं तरुण क्रांति मंच आगरा के तत्वावधान में समाधिस्थ परम पूज्य क्रांतिकारी राष्ट्रसंत मुनिश्री तरुण सागर जी महाराज का 57वां अवतरण दिवस बड़े ही हर्षोल्लास के साथ तरुण क्रांति मंच गुरु परिवार आगरा द्वारा गौ सेवा का आयोजन कर आगरा के आवास विकास कॉलोनी स्थित बोदला सेक्टर 2 के कालिका गौशाला पर मनाया गया। जिसमें तरुण सागर भक्त परिवार से जुड़े गुरुभक्तों ने सभी गायों को हरा चारा खिलाया। कार्यक्रम में मौजूद तरुण क्रांति मंच गुरु परिवार के महामंत्री प्रवीन जैन ने बताया कि मुनि श्री तरुण सागर गायों से काफी स्नेह करते थे इसलिए उनके अवतरण दिवस पर यहां गौसेवा कार्यक्रम आयोजित किया गया है।कालिका गौशाला में मुनिश्री तरुण सागर जी महाराज के अवतरण दिवस पर गो सेवा कार्यक्रम में मौजूद भक्तों के गुरु भक्ति के भाव देखते हुए बन रहे थे। मुनिश्री तरुण सागर जी महाराज के कड़वे प्रवचन भक्तों को हमेशा प्रेरणा देने वाले होते थे।इस अवसर पर प्रवीन जैन,सीए आशीष जैन,अरविंद जैन, आर के जैन,नवनीत जैन,पूनम जैन, मधु जैन,रिचा जैन,मीनू जैन, मंजु जैन, मनीषा जैन आदि गुरु परिवार सदस्य उपस्थित रहे। **रिपोर्ट: शुभम जैन**

# राज्य स्तरीय अहिंसक आहार पोस्टर प्रतियोगिता के बेनरों का हुआ विमोचन

## अहिंसक आहार के लिए किया जागरूक, अहिंसक आहार राज्य स्तरीय प्रदर्शनी का होगा आयोजन




विमल जोला. शाबाश इंडिया

निवाई । आर्यिका श्रुतमति सुबोध मति एवं विशेष मति माताजी के सानिध्य में सन्त निवास नसिंया जैन मंदिर निवाई पर धर्म जाग्रति संस्थान राजस्थान प्रांत की अहिंसक आहार पोस्टर प्रतियोगिता के बेनर का विमोचन किया गया। विमोचन से पूर्व श्रद्धालुओं ने मूलनायक भगवान शांतिनाथ जी के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर णमोकार महामंत्र के साथ शुरू किया। इसके बाद जैन समाज के मंत्री महावीर प्रसाद पराणा, राज्य स्तरीय अहिंसक आहार पोस्टर प्रतियोगिता के संयोजक विमल पाटनी जौंला, प्रसिद्ध भामाशाह हितेश छाबड़ा, दिनेश चंवरिया, त्रिलोक रजवास, अजीत काला, विमल सोगानी, वीरु जैन, कवि चंद्रेश जैन, मुकेश बनेठा, संजू जौंला हेमा बनेठा मंजू सेदरिया सहित कई गणमान्य नागरिकों ने अहिंसक आहार पोस्टर बेनर का विमोचन किया।






# सन्मति फाउंडेशन दिल्ली द्वारा मनोज जैन नायक सम्मानित

## अभिनंदन पत्र, शॉल, स्मृति चिन्ह से किया बहुमान



**मुरैना. शाबाश इंडिया।** जैन समाज के वरिष्ठ समाजसेवी मनोज जैन नायक का सन्मति फाउंडेसन परिवार द्वारा सम्मान किया गया। दिगंबर जैसवाल जैन उपरोचियां समाज की अग्रणी सेवा भावी संस्था सन्मति फाउंडेसन (रजिस्टर्ड) द्वारा आर्चिड ग्रैंड दिल्ली में आयोजित आचार्यश्री विद्याभूषण सन्मतिसागर अवार्ड समारोह के दौरान मुरेना जैन समाज के वरिष्ठ समाजसेवी, कर्तव्यनिष्ठ, कलमकार मनोज जैन नायक गढ़ी वाले को समाजहित एवम पत्रकारिता के क्षेत्र में उत्कृष्ट सेवाओं के लिए सम्मानित किया गया। मंच संचालिका श्रीमती नीरू जैन गणेशनगर ने मनोज नायक मुरैना का परिचय देते हुए कहा कि सटीक सहज बातें और चेहरे पर मुस्कान, ऐसे श्रेष्ठी वर्ग हैं हमारे कार्यक्रम की शान समाज की खबरों का देते हमें ज्ञान, ऐसी शख्शियत का ह्रदय से सम्मान। मनोज नायक को दिए गए अभिनंदन पत्र का वाचन भारती जैन ने किया। सन्मति फाउंडेसन परिवार की ओर से संस्था के संस्थापक अध्यक्ष महेंद्र जैन मधुवन, महामंत्री नवीन जैन, सुदर्शन जैन बंटू मधुवन, अजीत जैन, योगेश जैन करोलबाग, पंकज जैन इंद्रापुरम, दिवस जैन अलंकार प्रकाशन, विनोद जैन, पारसमणि जैन, अश्वनी जैन ने शॉल, श्रीफल, माला, स्मृति चिन्ह, प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

# गुलाबीनगर ग्रुप का राजस्थान पक्षी चिकित्सालय में सेवार्थ कार्यक्रम सम्पन्न



**जयपुर. शाबाश इंडिया।** 25 जून 2024 मंगलवार को दोपहर 4:00 बजे राजस्थान जन मंच पक्षी चिकित्सालय, केलगिरी रोड जयपुर में पक्षियों को दाना - पानी व घायल पक्षियों के चिकित्सा हेतु ग्रुप के सदस्यों ने सम्मिलित होकर सहयोग करके इस कार्यक्रम को सफल बनाया। अध्यक्षा सुशीला विनोद बड़जात्या , निवर्तमान अध्यक्ष सुनील बज, सचिव महावीर पांड्या,चेतन रेखा जैन, प्रवीण उमा सेठी, शांतिलाल जैन, रतन आशा सोगानी, श्रीमती अंजू जैन, राजेंद्र मंजू बड़जात्या सदस्यों की कार्यक्रम मे सहभागिता रही। सुनील बज ने कहा कि ग्रुप तीन चार वर्ष से पक्षी सेवा भाव का कार्य करता आ रहा तथा भविष्य में इसे जारी रखेंगे। सचिव महावीर पांड्या ने बोला कि पक्षी सेवा कार्य अच्छा कार्य है। अध्यक्षा सुशीला बड़जात्या ने कहा कि पक्षियों की वेदना कोई नही समझ सकता। घायल पक्षियों को मैने भी कई बार हॉस्पिटल में इलाज के लिये भर्ती कराया। राजस्थान जन मंच ट्रस्ट पक्षी चिकित्सालय के संस्थापक श्री कमल लोचन ने घायल, पीड़ित, बीमार पक्षियों के इलाज, देखभाल व गतिविधियों के बारे में विस्तार से बताया। कमल लोचन ने बताया कि मंच का न्यूज पेपर रेवलुशन रिपोर्ट पाक्षिक भी निकलता है। जिसमे मंच की सारी जानकारी दी जाती है। ग्रुप के सदस्यों के सहयोग से राशी रुपये 6100/- राजस्थान जन मंच पक्षी चिकित्सालय को बीमार पक्षियों के चुग्गा पानी दवाई हेतु भेंट किये।अंत मे अध्यक्षा सुशीला बड़जात्या ने सभी ग्रुप के सदस्यों व चिकित्सालय के सदस्यों का सहयोग के लिये आभार व धन्यवाद दिया।


# विनय जांगिड़ का उदयपुर सुथार समाज के लोगों ने स्वागत किया



**उदयपुर. शाबाश इंडिया**

पर्यावरण,वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय भारत सरकार के सदस्य विनय जांगिड़ का उदयपुर पधारने पर सुथार समाज के लोगों ने स्वागत किया और अभिनंदन किया ओर उपरणा पहनाकर सम्मान किया। इस अवसर पर गोरधन सुथार, जगदीश सुथार, मुकेश सुथार रकमपुर, मुकेश सुथार मेनार कवि धीरज सुथार उपस्थित रहे। साथ ही धीरज सुथार ने उनसे संवाद किया और पर्यावरण के क्षेत्र में उनके द्वारा किए जा रहे ऐतिहासिक कार्यो पर चर्चा की। विनय जांगिड़ ने बताया कि युवाओं को सदैव राष्ट्र के साथ अग्रिम पंक्ति में खड़ा होना होगा तब जाकर ही राष्ट्र विकास के पथ पर अग्रसर होगा।


# हार्दिक श्रद्धांजलि




**27-06-2024 प्रथम पुण्यतिथि**

## आदरणीय श्री महेन्द्र कुमार जी जैन

**श्रध्दानवत**

श्रीमती निर्मला ( पत्नी ) , डॉ राजेन्द्र कुमार - उर्मिला जैन , डॉ निर्मल - शीला जैन , लता - अनिल शुक्ला , सुरेन्द्र कुमार - इन्दिरा जैन , रवि - आशीमा जैन , प्रमोद - संगीता जैन , मनोज - स्मिता जैन एवम् सरोज - निकेतन परिवार

डी / 58 , "सरोज - निकेतन " , ज्योति मार्ग , बापू नगर , जयपुर - 302015

मोबाइल नम्बर : 9829123527, 9928282419

# 19 जुलाई 2024 को होगा सहस्त्रकूट विज्ञातीर्थ गुंसी में गणिनी आर्यिका विज्ञाश्री माताजी ससंघ का चातुर्मास हेतु भव्य मंगल प्रवेश



**जयपुर. शाबाश इंडिया।** प. पू. भारत गौरव गणिनी आर्यिका 105 गुरुमाँ विज्ञाश्री माताजी ससंघ सान्निध्य में श्री महावीर दि. जैन मंदिर, सेठी, कॉलोनी जयपुर में धर्म की महती प्रभावना हो रही है। पूज्य गुरुमाँ का 30 वाँ विराग विज्ञामय चातुर्मास 2024 का श्री दि. जैन सहस्त्रकूट विज्ञातीर्थ क्षेत्र गुन्सी जिला-टोंक (राज.) में होने जा रहा है। माताजी ससंघ का भव्य मंगल प्रवेश 19 जुलाई 2024 को होने जा रहा है। माताजी ने प्रवचन देते हुए श्रद्धालुओं से कहा कि मनुष्य दूसरे के बारे में इतना अच्छे से निर्णय करना जान चुका है, जितना वह स्वयं के बारे में नहीं जानता। ना स्वयं को पहचाना, ना दूसरे को, मात्र इसी कारण से हमें संसार में दुख मिल रहा है। दो ही कारण है एक अहं और दूसरा वहं । उस अहं और वह दोनों को छोड़ दो। यही दो बातें इंसान को अपनों से दूर कर देती है ।इसलिए इनसे दूर रहने में ही जीवन का सार है। आर्यिका संघ का मंगल विहार कल संभावित होने जा रहा है।

# बोलचाल भी बंद...

करें मरम्मत कब तलक, आखिर यूं हर बार।
निकल रही है रोज ही, घर में नई दरार।।

आई कहां से सोचिए, ये उल्टी तहजीब।
भाई से भाई भिड़े, जो थे कभी करीब।।

रिश्ते सारे मर गए, जिंदा हैं बस लोग।
फैला हर परिवार में, सौरभ कैसा रोग।।

फर्जी रिश्तों ने रचे, जब भी फर्जी छंद।
सगे बंधु से हो गई, बोलचाल भी बंद।।

सब्र रखा, रखता सब्र, सब्र रखूं हर बार।
लेकिन उनका हो गया, जगजाहिर व्यवहार।।

कर्जा लेकर घी पिए, सौरभ वह हर बार।
जिसकी नीयत हो डिगी, होता नहीं सुधार।।


घर में ही दुश्मन मिले, खुल जाए सब पोल।
अपने हिस्से का जरा, सौरभ सच तू बोल।।

सौरभ रिश्तों का सही, अंत यही उपचार।
हटे अगर वो दो कदम, तुम हट लो फिर चार।।

**-डॉ. सत्यवान सौरभ**

# अन्तर्मना आचार्य श्री प्रसन्न सागर जी महाराज के प्रवचन से...

## शब्दों के अर्थ कैसे बदलना है, इसमें सब माहिर हैं...!



इसलिए मुंह में जुबान तो सब रखते हैं, मगर कमाल तो वो करते हैं, जो इसको संभाल कर उपयोग करते हैं। तभी तो रिश्ते गलती से नहीं, हमारी एक गलत फहमी से टूट जाते हैं। और आज इंसान बातें वहीं क्लियर करता है जहाँ उसे रिश्ता रखना होता है, वरना लोग तो कहते ही हैं - अच्छा हुआ जान छूटी। आज के समय में बहुत जरूरी हो गया है कि सम्बन्धों को बचाने के लिये, हम अपने शब्द कोश पर सोच विचार करें, और छोटे, ओछे, झूठे, तीखे, कटाक्ष, अपमान, द्वेष, ईर्ष्या भरे शब्दों का इस्तेमाल ना करें, सभ्य होने के नाते। क्योंकि दिल से नाजुक नहीं कोई चीज मित्रो.. लफ्ज का वार भी खंजर की तरह लगता है...! **-नरेंद्र अजमेरा पियुष कासलीवाल औरंगाबाद**

## आपके विचार

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक राकेश जैन गोदिका द्वारा प्रकाशित दैनिक-ईपेपर 'शाबाश इंडिया' आम पाठक और समाज में जागरूकता फैलाने में सेतू का काम कर रहा है। आप अपने क्षेत्र के समाचार, आलेख, विचार आदि ई-मेल कर सकते हैं या निम्न नंबरों पर वाट्सअप कर सकते हैं।

सम्पादकः राकेश जैन गोदिका
@ 94140 78380, 92140 78380

दैनिक ई-पेपर
शाबाश इंडिया
shabaasindia@gmail.com
weeklyshabaas@gmail.com

# चलें एक ज़िंदगी बचाने की ओर, जागरूकता एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम




**जयपुर**

राजस्थान विश्वविद्यालय महिला संस्था रूवा द्वारा संचालित इंटर्नशिप ट्रेनिंग कार्यक्रम के तहत, मेडिकल एवं हैल्थ प्रकोष्ठ, रूवा , NGO सहायता एवं PUCL, जयपुर द्वारा सड़क हादसों में घायल व्यक्तियों की दुर्घटना स्थल पर मौजूद लोगों द्वारा सहायता करने के लिए जागरूकता एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम पद्मश्री प्रोफेसर डॉक्टर माया टंडन, एडवाइज़र, मेडिकल एवं हैल्थ सेल,रूवा, अध्यक्ष सहायता, पूर्व विभागाध्यक्ष, एनेस्थीसिया,पूर्व अधीक्षक, जेकेलोन हॉस्पिटल, सवाई मानसिंह मेडिकल कॉलेज,की गाइडेन्स में तथा प्रोफेसर डॉ मालती गुप्ता ,पूर्व विभागाध्यक्ष, प्लास्टिक सर्जरी, सवाई मानसिंह मेडिकल कॉलेज, जयपुर, के निर्देशन में विनोबा ज्ञान मंदिर पर PUCL तथा अन्य संस्थाओं के इन्टर्नस के लिये एवं रूवा द्वारा संचालित स्वाधार गृह की आवासिनियों के लिए आयोजित किया गया।NGO सहायता की टीम के मनीष एवं उदय ने पीपीटी प्रेजेंटेशन के माध्यम से सड़क हादसों के कारणों एवं बचाव पर विस्तृत जानकारी दी तथा सीपीआर किस तरह से दिया जाता है उसका प्रैक्टिकल डेमो एक फ़िल्म के माध्यम से सिखाया।पदमश्री डॉ माया टंडन ने Good Samaritan Law के विषय में तथा ICE के बारे में विस्तृत चर्चा की और बताया कि इस कानून के आने से अब हरेक व्यक्ति निडर हो कर किसी भी अनजान घायल व्यक्ति को हॉस्पिटल पहुंचा कर सहायता कर सकता है ।डॉ कविता श्रीवास्तव, राष्ट्रिय अध्यक्ष PUCL, ने धन्यवाद प्रस्ताव ज्ञापित करने के दौरान सभी प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा कि आज के मशीनी युग मे हम मानव भी मशीन बन कर रह गए हैं, अतः यह अत्यंत आवश्यक है कि हम मानवता की ओर लौटें, अपने चारों ओर, अगल बगल में झांकें, और मानवीय मूल्यों और संवेदनाओं को अपनाएं , तभी इस मानव जीवन की सार्थकता होगी और इसीलिए आज का यह जागरूकता एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया है, जिसके लिए हम रूवा से डॉ मालती गुप्ता एवं पदम श्री डॉ माया टंडन का हार्दिक आभार व्यक्त करते हैं ।अंत में सभी प्रतिभागियों को जीवन रक्षा प्रतिज्ञा की शपथ दिलाई गई ।कार्यक्रम आयोजिका डॉ मालती गुप्ता ने बताया कि कार्यक्रम में डॉ शशि लाता पुरी, अध्यक्ष, रूवा, डॉ शशि उपाध्याय, सचिव रूवा एवं इंटर्नशिप प्रोग्राम कोऑर्डीनेटर, दिव्या शर्मा, संयुक्त सचिव रूवा एवं प्रोग्राम कोऑर्डीनेटर, मेडिकल एवं हैल्थ सेल रूवा, संतोष, शक्ति स्तम्भ, NGO सहायता टीम, एवं PUCL, जयपुर टीम का सराहनीय सहयोग रहा, प्रेषक : प्रोफेसर डॉ मालती गुप्ता , कन्वेनर, मेडिकल एवं हैल्थ प्रकोष्ठ, रूवा, पूर्व विभागाध्यक्ष, प्लास्टिक सर्जरी, सवाई मानसिंह मेडिकल कॉलेज, जयपुर

# जयपुर होलसेल गारमेंन्टस एसोसिएशन का शपथ ग्रहण

## अरविन्द अग्रवाल तीसरी बार बने अध्यक्ष



जयपुर। जयपुर होलसेल गारमेन्टस एसोसिएशन की नवगठित तृतीय प्रबन्धकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह एमआइ. रोड स्थित होटल गोल्डन तुलिप में आयोजित हुआ। इस मौके पर नई टीम में सुरेश ग्रुप के तीसरी बार अध्यक्ष बने अरविन्द अग्रवाल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्रवण करनाणी, कमरचन्द वाधरानी, विनोद करनानी व हेमंत जुनेजा व महामंत्री राकेश गुप्ता सहित नई टीम ने शपथ ली। इनके अलावा ललित खुराणा, सुनील अग्रवाल व रामवतार अमरसरिया ने उपाध्यक्ष, फणींद्र कानूनगो ने कोषाध्यक्ष, आशीष सोमाणी ने संयुक्त मंत्री, सूर्यप्रकाश करनाणी ने संगठन मंत्री, जुगलकिशोर शर्मा ने सांस्कृतिक मंत्री व राकेश परवाल ने प्रचार मंत्री पद की शपथ ली। इनके अलावा अशोक सोमाणी, मुकेश कुमार जायसवाल, श्याम मुलानी, कमल मुलानी, भगवान दास, महेश कुमार गुरनानी व वासुदेव वाधवानी व जगदीश चन्द्र का कार्यकारिणी सदस्य के रूप में शपथ दिलाई गई। अध्यक्ष अरविन्द अग्रवाल ने बताया कि इस मौके पर मुख्य अतिथि जयपुर व्यापार महासंघ के अध्यक्ष सुभाष गोयल, जयपुर शहर सांसद मंजू शर्मा,राजस्थान स्टील के अध्यक्ष सीताराम अग्रवाल, जयपुर व्यापार महासंघ के वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुरेन्द्र बज, महामंत्री सुरेश सैनी, कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इण्डिया ट्रेडर्स, जयपुर के अध्यक्ष सचिन गुप्ता, महामंत्री विक्की चेलानी, खण्डेलवाल वैश्य हितकारिणी महासभा जयपुर के वरिष्ठ उपाध्यक्ष एवं चुनाव अधिकारी शंकर टोडवाल, अति विशिष्ट एवं विशिष्ट अतिथियों के रूप में मौजूद रहे।

# धूमधाम से मनाया भगवान वैकुंठनाथ का छठवां पाटोत्सव



**जयपुर. शाबाश इंडिया।** श्री नीलकंठ महादेव मंदिर समिति के तत्वावधान में कीर्ति नगर टोंक रोड स्थित नीलकंठ महादेव मंदिर में भगवान बैकुंठ नाथ जी व नीलकंठ महादेव जी का छठवा पाटोत्सव धूमधाम से मनाया गया। मंदिर समिति के अध्यक्ष एडवोकेट ओपी गुप्ता ने बताया कि इस मौके पर सुबह भगवान का विभिन्न द्रव्यों से अभिषेक करवा कर नई पोशाक धारण करवाई गई। विशेष पूजा अर्चना के बाद संगीतमय सुंदरकांड का पाठ महिलाओं द्वारा किया गया। इसीदिन साम को 101 दीपको से सामूहिक आरती की गई व प्रसादी का वितरण किया गया। सभी कार्य पंडित गोविन्द ने सम्पन्न करवाएं। समिति के महामंत्री गोविंद शर्मा ने बताया कि पाटोत्सव में वार्ड पार्षद रमेश सैनी व अन्य गणमान्य व्यक्तियों का स्वागत माला व साफा पहनाकर किया गया। इस मौके पर रामेश्वर गुप्ता, रामचरण गुप्ता, सुभाष गुप्ता, राम चरण गुप्ता रोडवेज, बाबूलाल गर्ग ठेकेदार, बालकिशन बागला, हरि नारायण अग्रवाल, सुनहरी लाल गर्ग,संजय कांडा, रामेश्वर शर्मा,गोविन्द नारायण शर्मा वसभी महिला मण्डल की सदस्य भी उपस्थित रहे।

# रजत मंडल पर किया श्री भक्तांबर महाविधान

## दर्शनोदय तीर्थ थूवोनजी में असीम कालीन विधान के लिए आया रजत मंडल। महोत्सव लाती है महिला इसलिए अन्नपूर्णा कहलाती है : श्री सश्वत सागर जी महाराज



**अशोक नगर. शाबाश इंडिया।** दर्शनोदय तीर्थ थूवोनजी में मुनि पुगंव श्री सुधा सागर जी की प्रेरणा से होने वाले असीम कालीन श्री भक्तांबर महा मंडल विधान हेतु जयपुर के कुशल शिल्पीयो दारा निर्मित विशाल चांदी मंडल आया जिस पर सुभाष गंज मन्दिर में मुनि श्री सश्वत सागरजी महाराज ससंघ के सान्निध्य में श्री भक्तांबर महा मंडल विधान का आयोजन भक्ति भाव पूर्वक किया गया।

**विशाल रजत मंडल का हुआ लोकार्पण:** इसके पहले जयपुर के कुशल शिल्पीयो दारा निर्मित विशाल चांदी के मंडल का लोकार्पण थूवोनजी कमेटी अध्यक्ष अशोक जैन टींगू मिल महामंत्री विपिन सिंघई मंत्री विनोद मोदी राजेन्द्र हलवाई कोषाध्यक्ष सौरव वाझल मध्यप्रदेश महासभा संयोजक विजय धुर्रा समाज के अध्यक्ष राकेश कासंल महामंत्री राकेश अमरोद कोषाध्यक्ष सुनील अखाई द्वारा जैन समाज के मंत्री शैलेन्द्र श्रागर के मंत्रोच्चार के साथ किया गया इसके साथ ही वृहद मंत्रोच्चार के साथ मंडल शुद्ध की गई

**थूवोनजी में सींग होगा असीम कालीन विधान:** इस दौरान मध्यप्रदेश महासभा संयोजक विजय धुर्रा ने कहा कि परम पूज्य निर्यापक श्रमण मुनि पुंगव श्रीसुधासागरजी महाराज की पावन प्रेरणा पा थूवोनजी कमेटी ने असीम कालीन श्री भक्तांबर महा मंडल विधान का आयोजन थूवोनजी में निरंतर हो इसके लिए कमेटी ने संकल्प लिया और आज हम सब अपने नगर में महा आराधना कर रहे हैं जो भी इस मंडल पर असीम कालीन विधान करना चाहते हैं वह अपने नाम मंडल के थूवोनजी पहुंचने के पहले दे जिससे आपको इस मंडल पर श्री फल भेंट करने का सौभाग्य प्राप्त हो ।

# फैडरेशन के पदाधिकारियों ने परतापुर मे सिद्ध चक्र महामंडल विधान में शिरकत की



**परतापुर. शाबाश इंडिया।** जवाहर कॉलोनी में केसरीमल शाह एवं मनीष शाह परिवार द्वारा मुनि श्री आज्ञा सागर जी महाराज के मांगलिक सानिध्य में आयोजित हो रहे सिद्ध चक्र महामंडल विधान मे फेडरेशन ऑफ हूमड़ जैन समाज की राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य एवं 18000 दशा हूमड़ दिगंबर जैन समाज अध्यक्ष दिनेश खोड़निया, पूर्व अध्यक्ष मोहन लाल पिंडारमिया, महासचिव अशोक जैन, महिला महासभा संरक्षिका उषा खोड़निया, अध्यक्षा साधना कोठारी, फैडरेशन ऑफ हूमड़ जैन समाज के संस्थापक एवं राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य अजीत कोठिया, राजस्थान प्रोविंस अध्यक्ष धनपाल जैन सरोदा,हेमंत शाह, कमलेश जैन, रेखा जैन, सतीश जैन, राहुल जैन ने हिस्सा लेकर मुनि श्री का आशीर्वाद प्राप्त किया। आयोजक परिवार द्वारा सभी पदाधिकारियों का तिलक, माल्यार्पण एवं उपरणा ओढ़ा कर बहुमान किया गया। सभी को फेडरेशन के ईडर मे 14-15 जुलाई को आयोज्य दो दिवसीय अधिवेशन एवन हूमड़ महाकुंभ में पधारने निमंत्रण दिया गया।

# स्वस्थ शरीर के लिए नियमित व्यायाम की शपथ दिलाई

## 68 बच्चों को गणवेश की सेवा दी



**रोहित जैन. शाबाश इंडिया**

अजमेर। लायंस क्लब अजमेर आस्था एवम राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की अजमेर शाखा (घुमंतू प्रकोष्ठ) के तत्वावधान में अजमेर के मीरशाली क्षेत्र में स्थापित टी.टी. कॉलेज के पास घाटेश्वर महादेव मंदिर पर बच्चों को गणवेश का वितरित किया गया। क्लब अध्यक्ष लायन अनिल छाजेड़ ने बताया कि कार्यक्रम संयोजक प्रांतीय सभापति हंगर रिलीफ लायन अतुल पाटनी के संयोजन में समाजसेवी लायन राकेश पालीवाल,पूर्व क्षेत्रीय अध्यक्ष लायन मधु पाटनी एवम अन्य भामाशाहो के सहयोग से एवम आर.ए. दिवाकर, फूलचंद महावर, गिरधारी लाल, तेजपाल सिंह साहनी अजीत मारोठिया,छोटे लाल डैनवाल,कमल चौहान, नारायण राणा एवम अन्य सामाजिक कार्यकर्ताओं के आथित्य में सेवा जरूरतमंद 68 बच्चो को सेवा भेंट की गई इस अवसर पर सभी बच्चो को स्वच्छता हेतु नियमित स्नान करने एवम व्यायाम करने की शपथ दिलाई गई। माधव शाखा के शिक्षक गिरधारी सेन ने बताया कि सेवा पाकर सभी बच्चे बहुत खुश नजर आए।

# दान में इतनी बड़ी शक्ति है कि जीवन परिवर्तित हो सकता है : मुनि अनुपम सागरजी महाराज



**अमित गोधा. शाबाश इंडिया**

ब्यावर। श्री दिगंबर जैन पंचायत नसियाँ में श्री 108 श्री अनुपम सागरजी महाराज व श्री 108 यतीन्द्र सागरजी महाराज के प्रवचन हुए । प्रातः श्री दिगंबर जैन पंचायत नसियाँ में महाराज के सानिध्य में श्रीजी का अभिषेक शांति धारा हुई । आज सभा का प्रारंभ चित्र अनावरण व दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। श्रद्धा के बिना दान देना कार्यकारी नहीं होता। जिनके जीवन में शिष्टाचार नहीं धर्म से रहित है उनका जीवन निर्यचो के समान है, वे सिर्फ इस धरती पर भार स्वरूप मात्र विचरण कर रहे हैं। दान चार प्रकार का होता है आहार दान, औषधि दान शास्त्र दान और अभय दान। दान सतपात्रो को दिया जाता है सतपात्रो को दिया दान मुक्ति के मार्ग को प्रशस्त करता है। सतपात्रों मे उतम मुनि महाराज, मध्यम में आर्थिकाएं श्रुल्लक क्षल्लिकाएं तथा जघन्य पात्र कीतरागी श्रावकगण आते हैं। परोपकार के लिए अपनी वस्तुओं का प्रदान करता दान है विधि पूर्वक दिया गया दान ही फलदायी होता है जितने उत्कृष्ट पात्र मिलते हैं तो दान का फल उतना ही उत्तम होता है।